आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार – 26.04.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा मार्ग पर बिजली और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद ने दसवीं और बारहवीं के नतीजे घोषित किए।
- सर्वोच्च न्यायालय ने ईवीएम–वीवीपीएटी के सौ प्रतिशत सत्यापन की याचिका खारिज की।
- उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने प्रदेश में बिजली की दरों में लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की।

## चारधाम यात्रा तैयारियां

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के चारधाम सहित अन्य यात्रा मार्गों पर बिजली और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में आयोजित बैठक में श्री धामी ने यात्रा ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सुरक्षा में तैनात कर्मियों को हर छह घंटे के बाद आराम दिया जाए। मुख्यमंत्री ने यात्रा में आने वाले वाहन चालकों के ठहरने और सोने की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में सभी व्यवस्थाओं का आकलन और विश्लेषण किया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 16 लाख लोग यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके हैं।

## परीक्षा परिणाम

उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद ने दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। हाईस्कूल में उत्तरकाशी जिले के राहुल व्यास ने चार सौ चालीस अंक लेकर टॉप किया, जबकि इंटरमीडिएट में पौड़ी जिले के आयुष ममगांई चार सौ पचपन अंक लेकर पहले स्थान पर रहे। परिषद के सचिव चंद्रेश यादव ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 5 प्रतिशत बेहतर रिजल्ट रहा है। संस्कृत में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ रही है।

## शैक्षिक भ्रमण

बिहार राज्य के प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों का दल इन दिनों कुमाऊं के जिलों का शैक्षिक भ्रमण कर रहा है। यह कार्यक्रम डॉक्टर आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल की ओर से आयोजित

किया जा रहा है। इन अधिकारियों का 60 सदस्यीय दल आज अल्मोड़ा पहुंचा। अल्मोड़ा के मल्ला महल में क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी चंद्र सिंह चौहान ने प्रशिक्षु अधिकारियों को चंदवंशीय राजाओं द्वारा निर्मित महल के इतिहास के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कुमाऊं के ऐतिहासिक धर्मिक स्थलों और यहां के इतिहास, संस्कृति, खानपान, रहन–सहन, आजीविका के बारे में भी बताया। प्रशासनिक अकादमी के कार्यक्रम निदेशक डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा के अनुसार पीसीएस आधिकारियों को शैक्षिक भ्रमण कराने का उद्देश्य उन्हे यहां की सांस्कृतिक विरासत को जानने का अवसर देना है।

राजभवन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाईट द नेशंस संगठन के कार्यक्रम में भाग लिया। देहरादून स्थित राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के युवाओं ने राज्यपाल से कई विषयों पर संवाद किया। राज्यपाल ने बच्चों के प्रश्नों और उनकी जिज्ञासाओं के जवाब दिए और उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में युवा राष्ट्र की एक शक्तिशाली संपत्ति है, जिसमें प्रचुर मात्रा में ऊर्जा और उत्साह है, जिसे समग्र उन्नति के लिए आवश्यक माना जाता है। राज्यपाल ने कहा कि देश के युवा छात्र ही विकसित भारत का संकल्प पूरा करेंगे। उन्होंने युवाओं से बड़े सपने देखने और दृढ़ संकल्प व आत्म अनुशासन से उन्हें पूरा करने का आह्वान किया।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल – वीवीपीएटी की पर्चियों के साथ इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन– ईवीएम के आंकडों के शत–प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायाधीश संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की एक पीठ ने सुनाया। हालांकि 18 अप्रैल को इन मामलों पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। निर्वाचन आयोग से पीठ द्वारा कुछ तकनीकी स्पष्टीकरण मांगे जाने के कारण 24 अप्रैल को इन मामलों को फिर सूचीबद्ध किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर विचार करते हुए आज फैसला सुनाया गया।

बिजली

उत्तराखंड में बिजली की दरों में लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने आज बिजली की नई दरें घोषित की। आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष एमएल प्रसाद ने बताया कि बीपीएल के साढ़े चार लाख उपभोक्ताओं, स्नो बाउंड उपभोक्ताओं की दरों और फिक्स्ड चार्ज में कोई

बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसके साथ ही सोलर वाटर हीटर की छूट पिचहत्तर रुपया प्रति पचास लीटर रखी गई है। इससे पहले उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन ने विद्युत नियामक आयोग से बिजली की दरों में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की मांग की थी।

आग

जंगलों में आग लगाने वालों पर वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए रुद्रप्रयाग में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तीनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस वर्ष अभी तक 19 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। रुद्रप्रयाग के प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु ने बताया कि जंगल में आग लगाने वाले अपराधियों के विरुद्ध वन अधिनियम की धाराओं के अन्तर्गत अपराध दर्ज कर दण्डित किया जाएगा। अपराधियों को पकड़ने के लिये प्रभाग स्तर पर वनाग्नि सुरक्षा दल गठित किए गए हैं। साथ ही वनाग्नि क्रू–स्टेशन एवं मोबाईल क्रू–स्टेशन के माध्यम से वनाग्नि नियंत्रण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उड़नदस्ता दल द्वारा समस्त रेंजों में सेटेलाईट, कैमरों और दूरबीन के माध्यम से अपराधियों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है।

साइबर सेल

साइबर सेल और मादक द्रव्य विरोधी दल ने रुद्रप्रयाग जिले के  इंटर कॉलेज खेड़ाखाल में जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों को साइबर अपराध और नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरुक किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि साइबर अपराध वर्तमान समय में सबसे ज्यादा होने वाले सक्रिय अपराधों में से एक है। एक ओटीपी देने तथा एक लिंक खोल देने से जीवन भर की पूंजी साइबर ठगों के हाथ में चली जाती है। छात्रों को अपनी निजी जानकारी किसी से भी साझा न करने, अनजान लिंक न खोलने, ऑनलाइन गेमिंग से दूर रहने तथा साइबर अपराध होने की दशा में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

रम्माण

चमोली जिले के जोशीमठ विकासखंड के सलूड़डुंग्रा गांव में हर साल अप्रैल में आयोजित होने वाले रम्माण उत्सव का समापन हो गया। रम्माण उत्सव में ढोल दमाऊ की थाप पर 18 ताल में मुखौटा नृत्य के माध्यम से रामायण का मंचन किया जाता है। इसमें स्थानीय कलाकार प्राचीन मुखौटा परंपराओं के साथ रामायण को लोक शैली में प्रस्तुत करते है। प्राचीन मुखौटा नृत्य– रम्माण को वर्ष 2009 में यूनेस्को ने विश्व सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया था।

वाहन सीज

परिवहन विभाग हरिद्वार के प्रवर्तन दल ने नियमों का उल्लंघन कर चल रहे बारह वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की है। इंटरसेप्टर दल द्वारा खानपुर, लक्सर, लंढौरा, मंगलौर, नारसन क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। इस दौरान 12 वाहनों को ओवरलोडिंग, फिटनेस, परमिट, मोटर वाहन कर न होने व सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने पर सीज किया गया। इंटरसेप्टर दल प्रभारी अनिल सिंह नेगी ने बताया कि आठ वाहनों को ओवरलोडिंग के मामले में व अन्य चार वाहनों के प्रपत्र पूर्ण न होने के कारण सीज किया गया है, जबकि अन्य राज्यों की तीन यात्री वाहन बसों के चालान परमिट शर्तों का उल्लंघन करने व उत्तराखंड का मोटर वाहन कर जमा न करने के कारण चालान किया गया है।